## एक नजर में




### उज्जैन शाखा ने मनाया 77वां सीए दिवस

**उज्जैन।** आईसीएआई की उज्जैन शाखा द्वारा 1 जुलाई को 77वां चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। सुबह शाखा भवन पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया, वहीं शाम को गाला डिनर में 125 से अधिक सदस्यों ने अपने परिवार सहित भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर देवास, आगर और बड़नगर से भी सीए सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिससे यह कार्यक्रम क्षेत्रीय स्तर पर और भी अधिक भव्य व समावेशी बन गया। शाखा अध्यक्ष सीए अकृत जैन ने बताया कि यह सभी आयोजन सीए समुदाय के बीच नेटवर्किंग और एकता को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किए गए हैं। उन्होंने शाखा की प्रबंधन समिति सीए अनीश चौधरी, सीए आशीष तोतला, सीए आतुष जैन, सीए मनीष राठी और सीए रितेश तलरेजा के समर्पण और निरंतर मेहनत के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व, 17 से 21 जून तक योग सप्ताह, 27 जून को एसबीआई और सीजीएसटी विभाग के सहयोग से रक्तदान शिविर, 28 जून को बीओआई, एसबीआई, आईटी, सीजीएसटी, टीपीए व डॉक्टर्स की टीमों के साथ क्रिकेट टूर्नामेंट तथा 29 जून को देवास में वॉकथॉन और वृक्षारोपण, और उज्जैन शाखा कार्यालय में चेस, कैरम और टेबल टेनिस जैसे आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। सीए सप्ताह 2025, पेशेवर एकता, सामाजिक सेवा और सामुदायिक भागीदारी का प्रतीक बनकर यादगार रूप में संपन्न हुआ।



### पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. बैरागी का सम्मान

**उज्जैन।** इलेक्ट्रो होम्योपैथिक काउंसिल ऑफ़ मध्यप्रदेश एवं संस्था अलख उज्जैनी ने डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पॉलीटेक्निक सभागृह उज्जैन में मुख्य अतिथि अनिल फिरोजिया सांसद उज्जैन आलोट लोकसभा, विशेष अतिथि अनिल कालूहेड़ा विधायक उज्जैन उत्तर, डॉ. राजेंद्र बंसल अध्यक्ष मध्य प्रदेश नर्सिंग होम एसोसिएशन, ओम जैन पूर्व अध्यक्ष स्टेट काउंसिल आफ फार्मेसी मप्र ने मप्र आयुर्वेद सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष एवं आयुर्वेद पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. विनोद बैरागी का सम्मान किया गया। संचालन संयोजक डॉक्टर अकील खान ने किया।

### आईआईटी मद्रास का स्कूल कनेक्ट प्रोग्राम

**उज्जैन।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के स्कूल कनेक्ट प्रोग्राम में उपलब्ध कोर्सों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस प्रोग्राम में पहले दो कोर्स थे – डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम लेकिन अब पूरे देश के स्कूलों में कक्षा 10, 11 और 12 के विद्यार्थियों के लिए 10 ऑनलाइन हैंड्स–ऑन सर्टिफिकेट कोर्स उपलब्ध हैं। ये कोर्स 8 सप्ताह अवधि के हैं। अगस्त 2025 बैच का रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। इसकी अंतिम तिथि 25 जुलाई 2025 है। स्कूलों से इस भागीदारी पर संस्थान का व्यापक दृष्टिकोण रखते हुए आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी कामकोटि ने कहा कि आईआईटी मद्रास में हमारा यह विश्वास है कि उभरते क्षेत्रों के बारे में कम उम्र में जानकारी देने से जिज्ञासा बढ़ती है और इस तरह हम भविष्य के लिए बेहतर इनोवेटर तैयार कर सकते हैं। स्कूल कनेक्ट प्रोग्राम आईआईटी मद्रास के सेंटर फॉर आउटरीच एंड डिजिटल एजुकेशन की प्रमुख संपर्क विस्तार पहल है। इसका मकसद स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा के बीच का अंतर कम करना है। इस बारे में प्रो. एंड्रयू थंगराज, अध्यक्ष, सेंटर फॉर आउटरीच एंड डिजिटल एजुकेशन, आईआईटी मद्रास ने विस्तार से बताया कि हम इन नवयुवकों को विभिन्न विषयों की शुरुआती जानकारी देकर सक्षम बनाना अपनी सामाजिक जिम्मेदारी मानते हैं। इस पहल से स्कूली छात्र–खास कर कक्षा 10, 11 और 12 के छात्र उभरते क्षेत्रों को जानने और भविष्य में पढ़ाई और कैरियर के बारे में अच्छी तरह सोच–समझ कर निर्णय लेने में सक्षम होंगे। इन कोर्सों में असाइनमेंट और व्यावहारिक अनुभव के लिए एक वैकल्पिक प्रोजेक्ट भी है।

### मालनवासा टर्निंग पॉइंट पर कारों के बीच भिड़ंत

उज्जैन। इंदौर देवास बायपास मार्ग नागझरी क्षेत्र में मंगलवार बुधवार रात को दो कारों के बीच आमने–सामने की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में तीन लोग घायल हुए हैं। एक कार दुर्घटना के बाद सड़क मार्ग से उतरकर पलटी खा गई थी। पुलिस ने दोनों चालकों की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। नागझरी थाना पुलिस ने बताया कि इंदौर देवास बायपास मार्ग मालनवासा में रात 9 बजे के लगभग कार क्रमांक एमपी 13 सीडी 0248 और कार क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यू बी 5447 के बीच आमने–सामने की भिड़ंत हो गई थी। कार क्रमांक एमपी 13 सीडी 0248 में हरिओम विहार कालोनी में रहने वाले रनीश कुमार शर्मा ग्वालियर से आये अपने सास ससुर नरेश कुमार शर्मा 63 साल और सास उमा शर्मा 62 साल निवासी ग्वालियर के साथ डी मार्ट की ओर जा रहे थे। दूसरी कार में रोहित पिता सुरेश डाबर निवासी कैलाश पार्क पलासिया इंदौर अपनी पत्नी श्रुति डाबर, अंकल मनीष बीज और दोस्त नैतिक के साथ पाइप फैक्ट्री से इंजीनियरिंग कॉलेज की ओर जा रहा था। रोहित की कार सड़क मार्ग से उतारने के बाद पलटी खा गई थी। रोहित दूध का व्यवसाय करता है वहीं दूसरी कार में सवार रनीश शर्मा कृषि विभाग में पदस्थ है। कारों के बीच हुई भिड़ंत में रनीश के सास–ससुर और दूसरी ओर से हरीश शर्मा घायल हुआ है उसकी पत्नी और अंकल, दोस्त को मामूली चोट लगी थी। पुलिस के अनुसार दोनों चालकों की शिकायत पर क्रॉस प्रकरण दर्ज किया गया है। दुर्घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जाएंगे।

### बाइक सवार को कार ने कुचला, एक की मौत

**उज्जैन।** बाइक सवार दो दोस्तों को रात में तेज गति से आई कार ने कुचल दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें उपचार के लिए उज्जैन निजी अस्पताल लाया गया। जहां कुछ घंटे चले उपचार के बाद एक की मौत हो गई। माधव नगर थाना पुलिस ने बताया कि जहांगीरपुर बड़नगर का रहने वाला लाखन पिता कालू सिंह 25 वर्ष अपने दोस्त राजवीर के साथ इंगोरिया आया था जहां से दोनों वापस बाइक से लौट रहे थे। बीच रास्ते में तेज गति से आई कार ने उन्हें कुचल दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए उज्जैन भेजा गया। दुर्घटना की जानकारी लगने पर दोनों के परिजन उज्जैन पहुंच गए थे। एंबुलेंस उन्हें शासकीय अस्पताल लेकर पहुंची थी लेकिन दोनों की हालत गंभीर होने पर परिजन निजी अस्पताल लेकर गए। जहां रात में उपचार के दौरान लाखन की मौत हो गई। बुधवार सुबह पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया है। मामले की जांच संबंधित थाना पुलिस को भेजी जाएगी।

### तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव 3 जुलाई से

**उज्जैन।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 3 जुलाई से 5 जुलाई तक प्रात: 11 बजे से तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित छात्राओं को महाविद्यालय तथा नई शिक्षा नीति, समस्त पाठ्यक्रमों, स्टाफ, सुविधाओं, विस्तार गतिविधियों, छात्रवृत्तियों, आदि से परिचित करवाया जाएगा।

# महाकाल सवारी के मद्देनजर जिला प्रशासन हुआ मुस्तैद, मार्ग का किया अवलोकन

## एसडीएम एलएन गर्ग और निगम उपायुक्त भीमावद के साथ निकले, एसपी के निर्देश पर महाकाल पुलिस ने भी संभाला मोर्चा

**उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की सवारी सावन और भादो मास में निकलती है। इस बार 11 जुलाई को सावन माह प्रारंभ हो जाएगा और 14 जुलाई को बाबा महाकाल की पहली सवारी निकलेगी। इसके मद्देनजर एसडीएम एलएन गर्ग, निगम उपायुक्त कृतिका भीमावद ने दलबल के साथ सवारी मार्ग का निरीक्षण किया।**





नवभारत से चर्चा में एसडीएम एलएन गर्ग ने बताया कि पारंपरिक बाबा महाकाल की सवारी प्रति वर्ष अनुसार जिस तरह निकल जाती है। उसके लिए सवारी मार्ग का अवलोकन किया गया है जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन और दर्शन पूजन में समस्या का सामना करना पड़े। उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि सावन भादो मास में बाबा महाकाल भक्तों को दर्शन देने के लिए भ्रमण पर निकलते हैं। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा समुचित प्रबंध किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन की टीम नगर निगम की टीम, पीएचई सभी विभागों को उचित व्यवस्था के लिए निर्देश दे दिए हैं। लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। अवैध निर्माण से लेकर अतिक्रमण भी हटाए जा रहे हैं। साथ ही जो निर्माण कार्य विकास कार्य चल रहे हैं उन ठेकेदारों को भी कहा है कि सवारी मार्ग पर निर्माण सामग्री ना रखें और सीमा में कर भी पूर्ण कर लेवे ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन मे समस्या ना हो।

### नाले नालियां ढंकेंगे, पोल पर लगेगी सेफ्टी

बरसात का मौसम प्रारंभ हो गया है। ऐसे में खुले नाले नालियों में वर्षा का जल भी समाहित होता है। साथ ही यदि खुले नाले नालियां है तो उन्हें ढंकने के निर्देश एसडीएम द्वारा दिए गए हैं कि बिजली के खंभों पर सेफ्टी लगे ताकि सवारी मार्ग में करंट न फैले। नाले नालियों की व्यवस्था नगर निगम के जिम में है। नवभारत से चर्चा में महाकाल थाना टीआई गगन बादल ने बताया कि महाकाल मंदिर के आसपास अतिक्रमण जो अब तक फैल गया था उसे भी हटाया गया है। ठेले गुमटी रेहड़ी वालों को भी उचित स्थान पर भिजवाया गया है। ताकि सवारी मार्ग में श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो। बाबा महाकाल की सवारी निकलती है तो दर्शन पूजन के लिए जगह की आवश्यकता होती है यही कारण है कि लगातार अतिक्रमण हटाया जा रहा है।

### शालावार करना होगी वन–टू–वन विषयवार मार्किंग–सीईओ

उज्जैन। सीईओ जिला पंचायत जयती सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभागृह में स्कूल शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा ने विभाग की गतिविधियों का पीपीटी के माध्यम से विभाग की योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सिंह ने नामांकन, परीक्षा परिणाम, पुस्तक वितरण, अपार आईडी एवं प्रतिदिन उपस्थिति को लेकर वृहद समीक्षा की। सीईओ श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए की जीर्ण–शीर्ण भवन में विद्यालय संचालित न किये जाए। विद्यालय को अच्छे भवन में शिफ्टिंग किया जाए और ध्यान रखा जाए की वहां प्रकाश व्यवस्था एवं शैक्षणिक कैलेंडर चस्पा हो। आगामी बैठक में कक्षा 05,08,10 एवं 12 का संयुक्त रूप से एवं विषयवार शालावार विश्लेषण लेकर उपस्थित हो। साथ ही यह भी ध्यान रखें की शीट के आधार पर कम परीक्षा परिणाम एवं जिले के औसत से कम परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों का प्राथमिकता से अवलोकन करें। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक गिरीश तिवारी ने कहा कि विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षण में कॉपी चेकिंग एवं विद्यार्थियों की कठिन अवधारणा पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में जिला साक्षरता प्रभारी संजय शर्मा, सभी बीईओ, बीआरसी, इंजीनियर्स, एपीसी एवं प्रोग्रामर आदि उपस्थित रहे।

# पति की प्रताड़ना से तंग आकर खाया था जहरीला पदार्थ

## कैमरे के सामने गटका था जहर और लिखा था सुसाइट नोट

**उज्जैन। कैमरे के सामने जहरीला पदार्थ खाने और सुसाइट नोट में ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर जहरीला पदार्थ खाने के मामले में पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद मंगलवार को मृतक महिला के पति को गिरफ्तार किया है।**

नीलगंगा थाना क्षेत्र के इंदौर–नागदा बायपास मार्ग पर हाटकेश्वर कालोनी में रहने वाली नूपूर जाट ने 15 जून को जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसकी उपचार के दौरान 16 जून को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। इस दौरान नूपूर का मोबाइल जब्त किया गया था। जिसमें मोबाइल कैमरे के सामने जहरीला पदार्थ खाते वीडियो और पति सतीश जाट, सास हेमलता, ननद भावना और पूजा पर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाये गये थे। वीडियो के साथ पुलिस को सुसाइट नोट भी मिला था। पुलिस ने जांच के दौरान रतलाम जिले के सैलाना स्थित नारायणगढ़ा में रहने वाले मायके पक्ष को बयान दर्ज कराने बुलाया। जिसमें परिजनों ने ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाये गये थे। वहीं पोस्टमार्टम के दौरान भाई विनोट जाट ने बताया था कि नूपूर की शादी 2021 में हुई थी। पति कुछ दिनों से घर नहीं आया है। वह ब्यूटी पार्लर का काम करती थी। पुलिस ने बयानों और जांच के बाद मामले में प्रकरण दर्ज करते हुए मंगलवार को मृतका नूपूर जाट के पति सतीश जाट को गिरफ्तार कर लिया। मामले में थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि मामला नवविवाहिता से जुड़ा होने पर सीएसपी स्तर पर जांच की जा रही है। पति के साथ अन्य ससुराल वालों के खिलाफ तथ्य सामने आने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी।

### खाचरौद में आईजी जोगा और एसपी शर्मा का निरीक्षण



उज्जैन। उमेश योगा आईजी, एडीजी उज्जैन झोन और प्रदीप शर्मा उज्जैन पुलिस निरीक्षक ने जिले के सभी स्थानों का निरीक्षण के साथ में खाचरौद थाना का वाचन निरीक्षण किया। जहां पर थाने के रखरखाव थाने के भवन और थाने की विशेष सुरक्षा उपकरण के बारे में जानकारी मांगी। वाचन निरीक्षण में एसडीओपी आकांक्षा बिछोटे, टीआई धन सिंह नलवाया साथ में रहे और थाने की पूरी जानकारी दी। जोगा ने थाने के बारे में भी जानकारी ली। वहीं पर थाने में सीसीटीवी कैमरे और अन्य उपकरण के कक्ष को भी चेक किया। उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने मीडिया से चर्चा में बताया कि सभी थानों का औचक निरीक्षण जारी है। वहीं लव जिहाद के मामले में एसपी शर्मा ने बताया कि सभी थाना क्षेत्र के होटल की चेकिंग की जाएगी।

## जब्त की 4000 किलो अमानक पॉलीथिन



**उज्जैन।** नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक के निर्देश के क्रम में स्वास्थ्य अमले द्वारा निरंतर अमानत स्तर की पॉलीथिन का उपयोग करने वालों पर पॉलीथिन जब्त करते हुए जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही बढ़े स्तर पर पॉलीथिन के क्रय विक्रय पर भी नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को इंदौर से उज्जैन आ रही 4 टन अमानक पॉलीथिन को स्वास्थ्य विभाग उपायुक्त संजेश गुप्ता के नेतृत्व में टीम द्वारा शिव शक्ति ट्रांसपोर्ट नलिया बाखल के सामने दबिश देकर जब्त किया गया। निगम आयुक्त पाठक ने नियमित भ्रमण के दौरान पाया जा रहा था कि अमानक पॉलीथिन बाजार में उपयोग में लाई जा रही है। इसी के तहत नगर पालिका निगम के स्वास्थ्य विभाग उपायुक्त गुप्ता ने इंदौर से उज्जैन की ओर आ रही अमानक पॉलीथिन जो कि 4 व्यापारियों के आर्डर पर शिव शक्ति ट्रांसपोर्ट नालियां बाखल पर सुबह 10 बजे मंगाई गई थी। ट्रांसपोर्ट वाहन में रखे 69 बैगों अमानक पॉलीथिन को जब्त कर निगम टीम द्वारा ग्रांड होटल परिसर लाया गया। जहां मध्य प्रदेश प्रदूषण बोर्ड के वैज्ञानिक प्रतिम खरे, रसायनज्ञ अशोक राणावत, देवेंद्र सोलंकी द्वारा पंचनामा बनाकर अमानक पॉलीथिन की जांच की गई। जिसमें सभी पॉलीथिन बैग अमानक पाए गए।

### उज्जैन जिले में औसत 5 .2 मि .मी वर्षा दर्ज

**उज्जैन।** कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में उज्जैन जिले में औसत 5 .2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसमें उज्जैन तहसील में 9 .0 मिमी, घट्टिया में 2 .0, खाचरौद में 4 .0, नागदा में 7 .2 , बड़नगर में 15 .0, तराना में 4 .0, माकड़ोन में 2 .0 और झार्ड़ा में 4 .0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 01 जून 2025 से लेकर आज दिनांक तक जिले में औसत 137 .2 मि .मी वर्षा दर्ज की गई है।

# पुलिस को तीन युवकों के पास मिला 1 .400 किलोग्राम गांजा

**उज्जैन। रात 12 बजे भ्रमण कर रही पुलिस को बाइक सवार युवकों के पास गांजा होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ा तो उनके पास से 1 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद हो गया। मामले में मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज किया गया है। आज तीनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू की जाएगी।**

बिरलाग्राम थाना पुलिस ने बताया कि बाइक सवार तीन युवकों के पास गांजा होने की सूचना मिलने पर नयन पुल के समीप घेराबंदी की गई थी। रात 12 बजे बाइक पर सवार देव पिता मुन्नालाल, दिव्यांशु पिता दीपक और कुलदीप पिता तेज सिंह निवासी ई ब्लॉक टपरी को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके पास से एक थैली में भरा 1 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद हो गया। तीनों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया और एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार आज तीनों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। संभावना है कि मादक पदार्थ से जुड़े कुछ और लोगों की जानकारी सामने आ सकती है। विदित हो कि पुलिस द्वारा 12 जून मादक पदार्थ के खिलाफ अभियान की शुरुआत की थी जिसमें पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। 12 जून से अब तक 50 लाख से अधिक का मादक पदार्थ बरामद किया जा चुका है जिसमें गांजा, डोडा चूरा, एमडी ड्रग्स और ब्राउन शुगर शामिल है। 40 के लगभग आरोपी गिरफ्तार किया जा चुके हैं।

# प्रेस क्लब पर कार्न फेस्टिवल के साथ मनाया डॉक्टर डे





**उज्जैन। मानसून के आगाज को देखते हुए प्रेस क्लब द्वारा शहर के पत्रकारों के लिए कार्न फेस्टिवल मनाया गया। इस आयोजन में पत्रकारों के लिए विभिन्न तरह के भुट्टे के व्यंजन बनाए गए थे। वहीं डॉक्टर्स डे भी इसी दिन होने के चलते शहर के ख्यात चिकित्सकों के साथ डॉक्टर्स डे भी केक काटकर मनाया गया। इस आयोजन में पत्रकारों के साथ चिकित्सक भी शामिल रहे।**

प्रेस क्लब द्वारा पत्रकारों के लिए किए जा रहे हैं विभिन्न आयजनों के अंतर्गत इस वर्ष कार्न फेस्टिवल जैसे अनूठे आयोजन को आयोजित करने का फैसला लिया गया। इस आयोजन में पत्रकारों के लिए भुट्टे के विभिन्न व्यंजन तो रखे ही गए थे वहीं डॉक्टर्स डे होने के चलते शहर के ख्यात चिकित्सकों के साथ डॉक्टर्स डे भी केक काटकर सेलिब्रेट किया गया। इस आयोजन में शहर के राजनेता, अधिकारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे। डॉक्टर्स डे पर आयोजित इस आयोजन को संबोधित करते हुए डॉ. आकांक्षा मोहन यादव ने कहा कि उन्होंने समाज सेवा के लिए इस पेशे को चुना है। बचपन से ही उन्हें डॉक्टर बनने की ललक थी और अपनी मेहनत से उन्होंने इस सपने को साकार किया। आपने कहा कि चिकित्सकों को सम्मानित करने का जो फैसला प्रेस क्लब ने लिया इसके लिए वह आभारी है। इस आयोजन में नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, संभागीय जनसंपर्क अधिकारी अरुण राठौर, डॉ. हर्ष मंगल, डॉ. इशिता पटेल, डॉ. प्रांजल कुशवाह, डॉक्टर एचपी सोनानिया, डॉ. शैलेश कचोले, डॉ. महेश मरमट, सीनियर एडवोकेट वीरेंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे। संचालन स्वामी मुस्कुराके ने किया। इस मौके पर प्रेस क्लब के सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

**श्रावण मास....** धार्मिक संगठनों ने जिला प्रशासन से की सही नाम लिखवाने की मांग, होगी विवाद की स्थिति निर्मित

# श्रावण माह में कावड़ियों के मार्ग पर हिंदू नाम से चल रही मुस्लिमों की होटल

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। श्रावण मास में भगवान महाकाल को जल चढ़ाने के लिए हजारों की संख्या में कावड़ यात्री उज्जैन आएंगे। वे मंदिर पहुंचने वाले मार्ग पर ही आने वाली होटलों में अपने रुकने का भी इंतजाम करते हैं। लेकिन इस मार्ग पर फिलहाल अधिकांश होटलें जो चल रही है वह हिंदू नाम से है जबकि उनके संचालक मुस्लिम है। ऐसे में कावड़ में जो पवित्र जल रहेगा उसकी व्यवस्था कैसे की जाएगी।**

ऐसे में नाम की गफलत के चलते कावड़िए होटल में रुक जाते हैं और बाद में पता चलने पर विवाद की स्थिति बनती है। इसको ध्यान में रखते हुए शहर के हिंदू संगठनों ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि श्रावण मास शुरू होने से पहले ही मार्ग में जितनी भी इस प्रकार की होटलें आ रही है उनके नाम सही–सही लिखवाए जाए ताकि कावड़ियों व आम श्रद्धालु को भी होटल लेने से पहले स्पष्टता हो। होटल किसी की और चला कोई और रहे तथा नाम कुछ और लिख रहे इन गड़बड़ियों के चलते आम श्रद्धालु अपने को ठगा सा महसूस करता है।

श्रावण मास को देखते हुए महाकाल मंदिर के बाहर दुकानों पर हो रहा अतिक्रमण प्रशासन व पुलिस ने मंदिर समिति के अधिकारियों के साथ मिलकर हटाया। मंदिर में रोजाना हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। क्षेत्र में प्रतिदिन जाम की स्थिति बन रही है। इसको देखते हुए प्रशासन ने नगर निगम की टीम को साथ लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है। टीम ने मंगलवार देर शाम को इसकी शुरुआत की थी जो बुधवार को भी जारी रही। मंदिर के आसपास मुख्य मार्गों पर दुकानदारों व होटल वालों ने अवैध अपने बोर्ड, टेबल और अन्य सामान सड़क तक जमाकर अतिक्रमण कर रखा था जिसे हटाने की कार्रवाई की गई।

### महाकाल में श्रद्धालुओं ने चांदी के आभूषण, दूसरे ने पाटला दान किया



महाकाल मंदिर में बुधवार को इंदौर के उपेंद्र सिंह भदौरिया ने मंदिर के पुरोहित रूपम शर्मा की प्रेरणा से चांदी का मुकुट, नाग कुंडल और सूर्य किरण दान की है। जिसका वजन लगभग 2803 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत बाजार मूल्य के अनुसार करीब साढ़े तीन लाख रुपए है। इसके साथ ही उन्होंने 1 लाख 51 हजार रुपए की नकद राशि भी मंदिर में दान स्वरूप अर्पित की। वहीं, जयपुर से आए श्रद्धालु दीपक कुमार धनवी ने भगवान महाकाल को चांदी से मढ़ा हुआ एक लकड़ी का चौरंग पाटला भेंट किया। दानदाता द्वारा प्रस्तुत बिल के अनुसार चौरंग पर 550 ग्राम चांदी मढ़ी गई है। इसका बाजार मूल्य लगभग 1 लाख रुपए आंका गया है। मंदिर समिति ने दोनों दानदाताओं का सामग्री प्राप्त कर सम्मान किया।